## ग्लोबल समिट में आए 6.80 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जल्द लगेंगे

# ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए आठ हजार परियोजनाएं तैयार

**निवेश**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए 6.80 लाख करोड़ रुपए के 8 हजार से अधिक प्रोजेक्ट्स लगने के लिए तैयार हो गए हैं। इनमें 6 हजार से ज्यादा प्रोजेक्ट्स एमओयू वाले हैं। जबकि करीब 2 हजार प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू वाले भी हैं। योगी सरकार ने करीब 8 हजार एमओयू को जीबीसी के लिए चिन्हित किया है। इनके जरिए 9 लाख करोड़ रुपये का निवेश होना है।

**यूपीसीडा सबसे आगे:** सरकार की ओर से कुल 33 विभागों को 9 लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत विभाग ने सर्वाधिक 1 लाख करोड़ से ज्यादा के 111 एमओयू को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया है।

**02** हजार नॉन एमओयू वाले निवेशकों ने भी दी है अपनी सहमति

**33** विभागों को एमओयू धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया था

### प्राथमिक शिक्षा ने 800% तक हासिल किया लक्ष्य

बेसिक शिक्षा विभाग ने 558 करोड़ के 47 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दे दी है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने 5200 करोड़ के 535 प्रोजेक्ट्स को तैयार कर लिया है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग ने 1285 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के साथ 102 प्रतिशत से ज्यादा, एनर्जी ने 38 हजार करोड़ के साथ 101 प्रतिशत और सिविल एविएशन ने 4 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए तैयार करने के साथ 100 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया है।

विभाग ने कुल 503 एमओयू किए थे, जिनकी कुल निवेश क्षमता 8 लाख करोड़ से ज्यादा की थी। यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू को तैयार कर लिया है। नोएडा अथॉरिटी और हायर एजुकेशन भी तैयार: नोएडा अथॉरिटी ने 90 हजार करोड़ का लक्ष्य के मुकाबले 61 प्रतिशत निवेश क्षमता वाले तैयार हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने 51 हजार करोड़ के 257 प्रोजेक्ट्स को जीबीसी में उतारने पर सहमित हासिल कर ली है। आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने 48 हजार करोड़ से ज्यादा के 45 एमओयू को रेडी करने में सफलता प्राप्त की है। उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण ने 42 हजार करोड़ के 843 प्रोजेक्ट्स को एनर्जी और एमएसएमई ने करीब 38 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया है।